# K.P. C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR
## ASSESSMENT III – 2023-24

**Grade – VII** | **Marks - 50**
**Subject - Hindi** | **Time – 2 Hours**

---

निर्देश :

(i)इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं – खंड 'क' , खंड 'ख' , खंड 'ग' , खंड 'घ'|

(ii)चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |

(iii)यथा संभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए |

**खंड 'क'**

**प्र.1. अ) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : (6 अंक )**

जाने क्यों हमारे देसी अखबार और नासमझ लोग खाने खिलाने के इस 'फ्री' आयोजन के बारे में इतना हल्ला मचा रहे हैं। पचास-साठ करोड़ के छोटे से घोटाले से क्या हमारे महान राष्ट्र का चरित्र निर्धारित हो सकता है। औसतन प्रति व्यक्ति चवन्नी-अठन्नी भी तो नहीं पड़ती। हमें तो यह चवन्नी-मानसिकता का नमूना लगता है। यही वजह है कि हम आज की उधार राष्ट्रीय अर्थनीति के कायल हैं। इसने हर भारतीय को पंद्रह-बीस हज़ार के कर्ज़ का भागीदार बनाकर उसे इज़्ज़त बख्शी है। उसका रुतबा बढ़ाया है। हम संसार के सामने सीना फुलाकर और सिर उठाकर गर्व से कह सकते हैं कि हम 'हिंदुस्तानी' हैं। कौन हमें गरीब कहता है। हमारी बाज़ारू साख हमारी अमीरी का सबूत है। सिर्फ़ हम पर ही नहीं, हमारी आने वाली पीढ़ियों पर भी हजारों का कर्ज़ है, जिसके कम होने की संभावना नहीं, केवल बढ़ने की गुंजाइश है। खाने-खिलाने का हमारा राष्ट्रीय शौक हमारी उधार की राष्ट्रीय महानता को लघुता में कतई नहीं बदल सकता | आज के युग में हजारों के आगे चवन्नी की बिसात ही क्या है? चाय तो चाय है, एक गिलास ठंडा पानी तक चवन्नी में हासिल नहीं है। जाने कैसे सिरफिरे लोग हैं, जो इसी चवन्नी के लिए हवाला-हवाला-घोटाला-घोटाला की हाँक दे रहे हैं।

1. 'फ्री आयोजन' के बारे में कौन हल्ला मचा रहा है ? 1

(क) समझदार लोग (ख) पढ़े लिखे लोग
(ग) गरीब लोग (घ) देसी अखबार और नासमझ लोग

2. आज की अर्थ नीति है - गद्यांश के अनुसार - 1

(क) उधार की (ख) जमापूँजी की
(ग) बेइमानी की (घ) घोटाले की

3. हमारी बाज़ारू साख सबूत है - 1

(क) गरीबी की (ख) बेबसी की
(ग) अमीरी की (घ) उधारी की

4. उधार की राष्ट्रीय अर्थनीति ने हमें किसका भागीदार बना दिया है? 1

(क) पाँच-दस हज़ार कर्ज़ का (ख) पाँच-दस हज़ार रुपयों का
(ग) पंद्रह-बीस हज़ार कर्ज़ का (घ) दस-पंद्रह हज़ार कर्ज़ का

5. इस नीति का भुगतान करना होगा - 1

(क) पुरातन पीढ़ी को (ख) आने वाली (भावी) पीढ़ी को
(ग) पूर्वजों को (घ) लेखक को

6. मानसिकता का नमूना लगता है - 1

(क) चवन्नी (ख) पचास-साठ करोड़

(ग) चवन्नी-अठन्नी (घ) पंद्रह-बीस हज़ार

.

**खंड 'ख'**

**प्र.2.अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए। (7अंक)**

पिछले दस-पंद्रह वर्षों में हमारी खानपान की संस्कृति में एक बड़ा बदलाव आया है। इडली-डोसा-बड़ा-साँभर रसम अब केवल दक्षिण भारत तक सीमित नहीं हैं। ये उत्तर भारत के भी हर शहर में उपलब्ध हैं और अब तो उत्तर भारत की 'ढाबा' संस्कृति लगभग पूरे देश में फैल चुकी है। अब आप कहीं भी हों, उत्तर भारतीय रोटी- दाल-साग आपको मिल ही जाएँगे। 'फ़ास्ट फ़ूड' (तुरंत भोजन) का चलन भी बड़े शहरों में खूब बढ़ा है। इस 'फ़ास्ट फ़ूड' में बर्गर, नूडल्स जैसी कई चीजें शामिल हैं। एक जमाने में कुछ ही लोगों तक सीमित 'चाइनीज़ नूडल्स' अब संभवतः किसी के लिए अजनबी नहीं रहे।

'टू मिनट्स नूडल्स' के पैकेटबंद रूप से तो कम-से-कम बच्चे-बूढ़े सभी परिचित हो चुके हैं। इसी तरह नमकीन के कई स्थानीय प्रकार अभी तक भले मौजूद हों, लेकिन आलू चिप्स के कई विज्ञापित रूप तेज़ी से घर-घर में अपनी जगह बनाते जा रहे हैं।

गुजराती ढोकला - गाठिया भी अब देश के कई हिस्सों में स्वाद लेकर खाए जाते हैं और बंगाली मिठाइयों की केवल रसभरी चर्चा ही नहीं होती, वे कई शहरों में पहले की तुलना में अधिक उपलब्ध हैं। यानी स्थानीय व्यंजनों के साथ ही अब अन्य प्रदेशों के व्यंजन पकवान भी प्रायः हर क्षेत्र में मिलते हैं और मध्यमवर्गीय जीवन में भोजन-विविधता अपनी जगह बना चुकी है।

1. दस पंद्रह वर्षों में खानपान की संस्कृति में क्या बदलाव आया है? 1

(क) खानपान की भारतीय संस्कृतियाँ मिलजुल गई हैं।

(ख) उत्तर के लोग दक्षिण और दक्षिण के लोग उत्तर भारत का खानपान पसंद करने लगे हैं।

(ग) फास्ट फूड का चलन बढ़ गया है।

(घ) दिए गए सभी

2. 'ढाबा' संस्कृति किस प्रांत की है? 1

(क) केरल (ख) पंजाब (उत्तर भारत)

(ग) उत्तर प्रदेश (घ) महाराष्ट्र

3. 'फास्ट फूड' से क्या तात्पर्य है? 1

(क) तुरंत भोजन (ख) तेजी से खाए जाने वाले पदार्थ

(ग) मैदे से निर्मित खाद्य पदार्थ (घ) उत्तर भारत से जुड़े खाद्य पदार्थ

4. 'फास्ट फूड' में शामिल पदार्थ हैं- 1

(क) बर्गर, नूडल्स, चाइनिज नूडल्स

(ख) दाल, रोटी, साग

(ग) इडली, सांभर, डोसा

(घ) केवल चाइनीज़ नूडल्स

5. खानपान की संस्कृति के मेलजोल का क्या परिणाम हो रहा है? 1

(क) राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा

(ख) खानपान की नई विधियाँ

(ग) संस्कृतियों में निकटता आना

(घ) दिए गए सभी

6. 'अजनबी' शब्द का अर्थ है –. 1

(क) सीमित (ख) अंजाना

(ग) विज्ञापित (घ) व्यंजन

7. 'खानपान की बदलती तसवीर ' पाठ को लिखा है–. 1

(क) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' ने

(ख) महादेवी वर्मा ने

(ग) प्रयाग शुक्ल ने

(घ) प्रेमचंद ने

**आ) निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए : (7 अंक)**

मैं झिझक उठा, हुआ बेचैन-सा,
लाल होकर आँख भी दुखने लगी।
मूँठ देने लोग कपड़े की लगे,
ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भगी।

1. कवि क्यों झिझक गया?

(क) उसके पास कोई नहीं आया

(ख) उसका घमंड टूट गया

(ग) उसे अपनी बेचैनी पर शर्म आने लगी

(घ) इनमें से कोई नहीं

2. कवि बेचैन क्यों था?

(क) उसकी आँख में तिनका चला गया था।

(ख) वह आँधी-तूफान में फँस गया था।

(ग) तेज बारिश आ गई थी।

(घ) वह मुसीबत में घिर गया था।

3. आँख में तिनका जाने पर क्या हुआ?

(क) आँख दुखने लगी

(ख) आँख लाल हो गई

(ग) वह दर्द से परेशान हो गया

(घ) दिए गए सभी

4. कवि की आँख में तिनका चले जाने पर लोगों ने क्या किया?

(क) कवि को बुरा-भला कहने लगे।

(ख) आँख में कपड़े की मूठ देने लगे।

(ग) कवि को डॉक्टर के पास ले जाने लगे।

(घ) कवि के दुख में दुखी हो गए।

5. 'ऐंठ बेचारी दबे पाँव भागी' शब्दों का अर्थ क्या है?

(क) शर्म आना (ख) घमंड दूर होना

(ग) विचार बदलना (घ) दूसरों के वश में होना

6. 'शर्म' शब्द का अर्थ है –

(क) झिझक (ख) मूँठ

(ग) बेचैन (घ) ऐंठ

7. 'एक तिनका' कविता के रचनाकार हैं -

(क) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

(ख) महादेवी वर्मा

(ग) प्रयाग शुक्ल

(घ) प्रेमचंद

**प्र.3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (कोई - 4) (8 अंक)**

1.'एक तिनका' कविता में किस घटना की चर्चा की गई है जिससे घमंड नहीं करने का संदेश मिलता है ?

2. खानपान की मिश्रित संस्कृति से लेखक का क्या मतलब है ? अपने घर के उदाहरण देकर इसकी व्याख्या करें ?

3. खानपान संस्कृति का 'राष्ट्रीय एकता' में क्या योगदान है ?

4. जाली के बड़े घर में पहुँचने पर मोर के बच्चों का किस प्रकार स्वागत हुआ ?

5. कुब्जा और **नीलकंठ** के स्वभाव में क्या अंतर था |

**खंड 'ग'**

**प्र.4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए -**

**निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए: (12 अंक)**

1. धर्म+आत्मा – (सही संधि पहचानिए ) 1

(क) धर्मोत्मा (ख) धर्मआत्मा

(ग) धर्मात्मा (ग) धरमआत्मा

2.'कमल' शब्द का पर्यायवाची शब्द नही है - 1

(क) नीरज (ख) जलज

(ग) पंकज (घ) धेनु

3. 'अनंत' शब्द से मेल न खाने वाला शब्द पहचानिए – 1

(क) आकाश (ख) कुलीन

(ग) असीम (घ) अविनाशी

4. गांधीजी प्रतिदिन ________ काता करते थे | 1

(क) सूत (ख) रस्सी

(ग ) वसन (घ) पुर

5. सही प्रयुक्त पुनरुक्त शब्दों वाला वाक्य है – 1

(क) ईश्वर धूल-धूल में बसता है |

(ख) ईश्वर मिट्टी-मिट्टी में बसता है |

(ग) ईश्वर कण-कण में बसता है |

(घ) ईश्वर पग-पग में बसता है |

6. ‘आवट’ प्रत्यय लगे हुए  विकल्पों में से गलत प्रयुक्त प्रत्यय शब्द को पहचानिए - 1

(क) बनावट (ख) सजावट

(ग) रुकावट (घ) नरमावत

7. मैं बीमार था <u>इसलिए</u> विद्यालय नहीं आया | (पद-परिचय का सही विकल्प पहचानिए ) 1

(क) जातिवाचक संज्ञा (ख) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण

(ग) समुच्चयबोधक अव्यय (घ) संबंधबोधक अव्यय

8. मैं <u>अपने-आप</u> छत पर चढ़ जाऊँगी | (पद-परिचय का सही विकल्प पहचानिए ) 1

(क) पुरुषवाचक सर्वनाम (ख) जातिवाचक संज्ञा

(ग) निजवाचक सर्वनाम (घ) संबंधवाचक सर्वनाम

**9. निम्न खाली स्थानों को पूरा कीजिए : 2**

| संधि | संधि-विच्छेद | संधि भेद |
|---|---|---|
| 1. ___________ | तम: + गुण | _______________ |
| 2. संयोग | ___________ | _______________ |

**10. निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : 1**

दबे पाँव भागना

11. उपसर्ग और प्रत्यय अलग करके लिखिए : 1

| शब्द | मूल शब्द | उपसर्ग | प्रत्यय |
|---|---|---|---|
| बेईमानी | ______________ | बे | _________ |

**खंड ‘घ’ (10 अंक)**

**प्र.5. अ) अनुच्छेद लेखन : 5**

1.वृक्षारोपण

(वृक्षों से लाभ, वृक्ष काटने से हानियाँ, भूमि संरक्षण में वृक्षों का योगदान)

2.मोबाइल फोन : वरदान या अभिशाप

(मोबाइल फोन का इस्तेमाल, आज की आवश्यकता, फैशन और समय नष्ट करना, उपयोगी वस्तु)

**आ) सूचना लेखन: 5**

आप सातवीं कक्षा के छात्र हैं |आपका बैडमिंटन विद्यालय के मैदान में कहीं खो गया है | इस संदर्भ में सूचना पट्ट पर सूचना लिखिए |